हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 22 अगस्त 2026

06 राष्ट्र भक्ति के रंगों को बिखेरने वाले कवियों ने...



07 मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर में अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे...



राधौगढ़ | मुंगावली | आरोन | चाचौड़ा | कुंभराज | ब्यावरा | सारंगपुर | नरसिंहगढ़ | खिलचीपुर | जीरापुर | चंदेरी | नईसराय | ईसागढ़

समाचार संक्षेप

दोस्त के घर जा रहे युवक का रास्ता रोककर सिर पर मारा पत्थर

गुना। जिले के विजयपुर थाना अंतर्गत ढीमर मोहल्ला में एक युवक का रास्ता रोककर गाली-गलौज करने और पत्थर मारकर सिर फोड़ने का मामला सामने आया है। मारपीट के बाद आरोपी पीड़ित को जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग निकला। पालिका बाजार निवासी अनिल शर्मा (22) ने विजयपुर थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि गत रात करीब 10:30 बजे वह अपने दोस्त गेंदालाल केवट के घर जा रहा था। जैसे ही वह ढीमर मोहल्ला पहुंचा, तभी होंडा बाल्मीक ने उसका रास्ता रोक लिया। अकारण गालियां देते हुए आरोपी ने हाथ में लिए पत्थर से अनिल के सिर पर वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। चीख-पुकार सुनकर कान्हा राजपूत ने मौके पर पहुंचकर बीच-बचाव किया। इसके बाद आरोपी रिपोर्ट करने पर जान से मारने की धमकी देकर चला गया। परिजन घायल को इलाज के लिए शासकीय अस्पताल ले गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

लड़की का दूसरी जगह रिश्ता करने पर जान से मारने की धमकी

गुना। जिले के मधुसूदनगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत गोविंदपुरा जोड़ पर एक युवती का दूसरी जगह रिश्ता तय करने की बात को लेकर गांव के ही एक युवक ने मां-बेटी का रास्ता रोककर जान से मारने की धमकी दी है। ग्राम गोविंदपुरा निवासी पिस्ता बाई (38) पति रामप्रसाद भील ने मधुसूदनगढ़ थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि गत शाम करीब 5 बजे वह अपनी बेटी के साथ मधुसूदनगढ़ हाट बाजार से घर लौट रही थी। जैसे ही वे गोविंदपुरा जोड़ पर पहुंचीं, तभी गांव का ही रोहित पिता विजय सिंह भील वहां आ धमका। आरोपी ने दोनों का रास्ता रोक लिया और धमकी दी कि यदि शिवानी का रिश्ता कहीं और किया, तो जान से खत्म कर देगा। पीड़िता ने घर पहुंचकर पति को आपबीती बताई और अगले दिन थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बाइक से 55 लीटर अवैध कच्ची शराब परिवहन करते आरोपी गिरफ्तार

गुना। जिले के जामनेर थाना क्षेत्र अंतर्गत शेरगढ़ तिराहे के पास पुलिस ने घेराबंदी कर एक युवक को अपाचे बाइक से अवैध कच्ची शराब का परिवहन करते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार, पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक युवक पीपलखेड़ी से जामनेर की ओर बाइक पर हाथ भट्टी की बनी कच्ची शराब लेकर आ रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने शेरगढ़ रोड पर चेकिंग लगाई। इस दौरान बाइक सवार युवक पुलिस को देखकर भागने लगा, जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम संतोष कंजर (20) निवासी ग्राम राजपुरा थाना जामनेर बताया। बाइक की तलाशी लेने पर दो कैनों में कुल 55 लीटर हाथ भट्टी की बनी कच्ची शराब बरामद हुई, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 5500 रुपये है। पुलिस ने अवैध शराब और घटना में प्रयुक्त अपाचे बाइक एमपी 08-3058 जब्त कर आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पति के पास जाने से इंकार करने पर भाई ने बहन और मां को डंडे से पीटा

गुना। शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत पठार मोहल्ला में पति से विवाद के बाद मायके में रह रही एक महिला और उसकी मां के साथ उसके ही भाई ने बेरहमी से मारपीट कर दी। पीड़िता शिवानी (26) पति गोविंद कुशवाहा ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह पिछले आठ दिनों से अपने मायके में रह रही थी। गत दोपहर उसके भाई श्याम कुशवाह ने उसे पति के पास जाने को कहा। इंकार करने पर आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए डंडे से पीड़िता और उसे बचाने आई मां सिरनाम बाई की जमकर पिटाई कर दी। हमले में दोनों को गंभीर चोटें आई हैं।

सिंध नदी डैम के कटाव का होगा तकनीकी समाधान, कलेक्टर ने दिए एक्सटेंशन के निर्देश

पंचायतों में योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन और निर्माण कार्यों में गुणवत्ता पर विशेष जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने आरोन के ग्राम बरोद स्थित सिंध नदी डैम का निरीक्षण कर ग्रामीणों से चर्चा की। ग्रामीणों ने डैम साइट पर कटाव होने की जानकारी दी। कलेक्टर ने मौके पर तकनीकी टीम को कटाव का परीक्षण कर आवश्यक एक्सटेंशन कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही पंचायत विभाग को वीबी-जीरामजी योजना के तहत डैम का एक्सटेंशन कर उसे व्यवस्थित एवं सुरक्षित रूप से विकसित करने के निर्देश दिए।



पंचायत भवन का किया निरीक्षण

इसके पश्चात कलेक्टर कन्याल ने ग्राम बरोद के पंचायत भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और समयबद्धता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास रहता है कि निर्माण कार्य जल्द पूर्ण हों, लेकिन इसके साथ गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए।

कलेक्टर ने पंचायत अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्देश दिए कि 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी पात्र लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाएं। उन्होंने कहा कि कई बार आधार कार्ड में उम्र कम दर्ज होने के कारण पात्र हितग्राहियों को परेशानी आती है। ऐसे मामलों का आवश्यक समन्वय के साथ निराकरण कर पात्र लोगों को योजना का लाभ दिलाया जाए। कलेक्टर कन्याल ने कहा कि पंचायतों की मुख्य जिम्मेदारी शासन की योजनाओं का सही और प्रभावी तरीके से क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है। पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के साथ ही स्थानीय स्तर पर विकास कार्यों की गुणवत्ता पर भी लगातार निगरानी रखी जाए। कलेक्टर ने कहा कि जिले में हॉर्टीकल्चर का नया माहौल बन रहा है। किसानों को परंपरागत खेती के पैटर्न में बदलाव करते हुए बागवानी एवं अन्य लाभकारी फसलों की ओर आगे बढऩा चाहिए, जिससे उनकी आय में वृद्धि हो सके। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत अभिषेक दुबे, एसडीएम मंजुषा खत्री मौजूद रहीं।

किसान सम्मान निधि दिलाने का झांसा देकर 4.85 लाख निकाले

गुना। जिले की चांचौड़ा तहसील अंतर्गत ग्राम तेलीगांव से जालसाजी और धोखाधड़ी का एक मामला सामने आया है। गांव के ही एक युवक ने बैंक दलाल के साथ साठगांठ कर पीड़ित भाई-बहन को किसान सम्मान निधि के दो-दो हजार रुपये दिलाने का झांसा दिया और उनके नाम पर फर्जी तरीके से 4,85,776 रुपए का किसान क्रेडिट कार्ड बनवाकर पूरी राशि हड़प ली। पीड़ित गंगाराम और उनकी बहन भमरी बाई ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ितों ने आवेदन में बताया कि उनके नाम दर्ज जमीनों पर आरआरबी बैंक शाखा बीनागंज के माध्यम से दो बार में क्रमशः 1,32,776 रुपये और 3,53,000 रुपये का किसान क्रेडिट कार्ड लोन पास कराया गया। लालच देकर उनसे बैंक के कई दस्तावेजों पर हस्ताक्षर कराए थे।

जिले में अलग-अलग क्षेत्रों में चोरियों के वारदातें

निर्माणाधीन मकान से पानी की मोटर चोरी, घटना सीसीटीवी कैमरे में हुई कैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत कृष्णाणी कॉलोनी में एक निर्माणाधीन मकान को चोरों ने अपना निशाना बनाया। अज्ञात बदमाश मकान से पानी की मोटर और नल फिटिंग का सामान चुरा ले गए। पूरी चोरी की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसके बाद पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर सख्त कार्रवाई की मांग की है। कृष्णाणी कॉलोनी गली नंबर 3 निवासी फरियादी संतोष अहिरवार पुत्र करनसिंह अहिरवार ने बताया कि उनके निर्माणाधीन मकान से गत शाम करीब 6 बजे अज्ञात चोर आधा हॉर्स पावर की पानी की मोटर और करीब 500 रुपये का नल फिटिंग का सामान चोरी कर ले गए। पीड़ित के अनुसार, उन्होंने सिटी कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। चोरी की पूरी वारदात का वीडियो सीसीटीवी कैमरे में स्पष्ट दिखाई दे रहा है, लेकिन इसके बावजूद पुलिस द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। पुलिस की शिथिलता से परेशान होकर पीड़ित ने एसपी कार्यालय की शिकायत शाखा में आवेदन सौंपकर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की जल्द गिरफ्तारी और सामान बरामदगी की गुहार लगाई है।



पान की दुकान के चादर तोड़कर चोरी

जामनेर थाना अंतर्गत मंडी गेट के पास स्थित एक पान की गुमटी को बीती रात अज्ञात चोरों ने अपना निशाना बनाया। बदमाश दुकान की साइड की लोहे की चादर तोडक़र अंदर घुसे और नकदी सहित कीमती सामान व महत्वपूर्ण दस्तावेज चोरी कर ले गए। कस्बा जामनेर निवासी फरियादी राजू सैनी (45) ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि गत शाम करीब 7:30 बजे वह अपनी पान की गुमटी में ताला लगाकर घर चला गया था। शुक्रवार सुबह 7 बजे स्थानीय निवासी विनोद सैनी ने फोन पर सूचना दी कि गुमटी की साइड की चादर टूटी हुई है और कैंपर बाहर पड़ा है। सूचना मिलते ही पीड़ित मौके पर पहुँचा और ताला खोलकर देखा तो अंदर सामान बिखरा पड़ा था। दुकान के गल्ले में रखे 3,000 रुपये नगद, शिवरॉन कंपनी का कूलर, पोस्ट ऑफिस की सुकन्या समृद्धि योजना की 8 पासबुक तथा एसबीआई बैंक की 1 पासबुक गायब थी। कोई अज्ञात चोर रात के अंधेरे में चादर तोडक़र चोरी की वारदात को अंजाम देकर फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

बीनागंज में कंटेनर का लॉक तोड़कर उड़ाए 40 कार्टन इंजन ऑयल

जिले के चाचौड़ा थाना अंतर्गत बीनागंज बायपास पुल के पास एनएच-46 (हाईवे) पर एक कंटेनर से कीमती इंजन ऑयल के 40 कार्टन चोरी होने का मामला सामने आया है। अज्ञात बदमाशों ने चलती गाड़ी या रास्ते में रुकने के दौरान कंटेनर का सील लॉक तोडक़र वारदात को अंजाम दिया। फरियादी रामअवध राजभर निवासी आजमगढ़ ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि वह एक्सीलेंट कंपनी का कंटेनर एमएच 46 बीयू 7321 लेकर चालक के रूप में निकला था। वाहन में 4 टी प्लस सिंथेटिक इंजन ऑयल के 400 कार्टन और 83 ड्रम लोड थे। दोपहर में जब चालक ने वाहन की जाँच की, तो कंटेनर के गेट पर लगी कंपनी की सील टूटी मिली। अंदर सामान मिलाने पर 40 कार्टन गायब पाए गए।

अवैध शराब के विरुद्ध आबकारी टीम की कार्रवाई

कैंट क्षेत्र के मातापुरा से दो बोरियों में मिली 16500 की अवैध शराब, की जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल गुना के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान एवं संदीप शर्मा उपायुक्त संभाग ग्वालियर के निर्देशन में अवैध मदिरा के विनिर्माण, विक्रय, संग्रह, परिवहन एवं जहरीली शराब के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। जिला आबकारी अधिकारी गुरुप्रसाद केवट के मार्गदर्शन में शुक्रवार को आबकारी वृत्त गुना -1 के प्रभारी राधाकिशन द्वारा गुना शहर के मातापुरा कैंट में मुखबिर सूचना पर पारदी के घर से दो बोरी में 61 पन्नी पाउच पाए गए जो की मापने पर 55 लीटर हाथ भट्टी मदिरा पाई गई।



मौके पर आरोपी व्यक्ति पारस पुत्र केदार पारदी उम्र - 24 वर्ष निवासी मातापुरा पाया गया, जिसने उक्त मदिरा बेचना स्वीकार किया। उक्त मदिरा की अनुमानित कीमत रूपये 16500 रुपये है। मदिरा की उचित जाँच हेतु सैंपल निकाले गए जिन्हे एफएसएल ग्वालियर भेजा जाएगा। अतः आरोपी के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी की धारा के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया जिसे माननीय न्यायालय द्वारा जेल भेज दिया गया। उक्त कार्यवाही में आबकारी मुख्य आरक्षक रामहेत सिंह कुशवाह, आरक्षक गोविंद सिंह मीना, अरुण कुमार शर्मा, कमल बरौदिया, महिला आरक्षक खुशबू रघुवंशी, की भूमिका रही। आबकारी विभाग लगातार अपनी कार्यवाही में सजगता दिखा रहा है।

ताइक्वांडो में सेवा भारती छात्रावास की छात्राओं ने पाया प्रथम स्थान

गुना। सेवा भारती वनवासी कन्या छात्रावास की 10वीं कक्षा की छात्राओं ने प्रांत स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का मान बढ़ाया है। छात्रावास की मेधावी छात्रा सुगंध सहरिया एवं लक्ष्मी सहरिया ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया है। इस राज्य स्तरीय उपलब्धि के आधार पर दोनों छात्राओं का चयन क्षेत्र स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता के लिए हुआ है। बेटियों की इस सफलता पर सेवा भारती परिवार, शिक्षकों और कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है। सभी ने छात्राओं को बधाई देते हुए आगामी प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।



मंदिर से दर्शन कर लौट रहे युवक से जंगल के पास 11 हजार झपटे

गुना। जिले के धरनावदा थाना अंतर्गत रुठियाई पुलिस चौकी क्षेत्र में एक युवक से झपटमारी का मामला सामने आया है। मंदिर से दर्शन कर लौट रहे युवक को फोन पर बात करते समय दो अज्ञात बदमाशों ने निशाना बनाया और उसकी जेब से 11 हजार रुपये नकद छीनकर घने जंगल में फरार हो गए। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। उक्त जगह पर एक दिनों पूर्व एक युवती के साथ गैंगरेप और उसके मंगेतर के साथ मारपीट हुई थी। जानकारी के अनुसार अक्सर स्कूल एवं कॉलेजों से क्लासे बंक कर यहां एवं गोपीकृष्ण सागर बांध पर घूमने आने वाले युवक-युवतियां छोटी-मोटी लूट के शिकार रोज हो रहे हैं। जानकारी के नअुसार बांसखेड़ी कैंट निवासी फरियादी राकेश जाटव ने रुठियाई चौकी पहुँचकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह ग्रीन माउंटेन के आगे बोरखेड़ा के जंगल वाले रास्ते के पास जंगल से 25 से 30 वर्ष की उम्र के दो बदमाशों ने झपट्टा मारकर राकेश की शर्ट की जेब में रखे 11 हजार रुपये नगद निकाल लिए और दोनों जंगल की तरफ भाग निकले।

घायल सड़क पर पड़ा रहा बेहोश, मौका पाकर चोर उड़ा ले बाइक

गुना। जिले के चांचौड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत तानसेन की पुलिया के पास एक सड़क दुर्घटना के बाद अमानवीयता का मामला सामने आया है। हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक जब बेहोश पड़ा था, तभी अज्ञात चोर उसकी मोटरसाइकिल चुराकर रफूचक्कर हो गया। ग्राम मेरियाखेड़ी खुर्द निवासी फरियादी मोहरसिंह बंजारा (32) ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि 28 जुलाई की शाम करीब 7 बजे वह मनोहर थाना बाजार से बाइक एमपी 08-8322 से घर लौट रहा था। गांव के पास तानसेन की पुलिया पर बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

पढ़ाई के साथ संस्कृति और परंपराओं की पहचान बनाए रखें : कलेक्टर

गुलाब का फूल देकर बच्चों ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने जनपद पंचायत आरोन के ग्राम सेमराखेड़ा स्थित राजा शंकरशाह-रघुनाथशाह बालक छात्रावास का निरीक्षण किया। निरीक्षण में उन्होंने छात्रावास की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के साथ बच्चों से आत्मीय संवाद किया। बच्चों ने कलेक्टर का गुलाब का फूल देकर स्वागत किया। कलेक्टर ने बच्चों से उनकी पढ़ाई, खेल, रुचियों और भविष्य के सपनों के बारे में बातचीत की और कहा कि जो भी करना चाहते हैं, उसे पूरे मन से करें और पढ़ाई के साथ अपनी संस्कृति की पहचान को भी बनाए रखें।

किचन और भोजन व्यवस्था का लिया जायजा

कलेक्टर कन्याल ने छात्रावास के किचन एवं भोजन व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों को उपलब्ध कराए जा रहे भोजन सहित छात्रावास की व्यवस्थाओं की जानकारी ली।



कक्षा में बच्चों से किया संवाद

कलेक्टर कन्याल ने कक्षा में पहुंचे और बच्चों से सहज संवाद किया। उन्होंने पूछा कि कितने बच्चे प्रतिदिन विद्यालय आते हैं, कौन-कौन से खेल खेलते हैं, सबसे शरारती बच्चा कौन है, सबसे अधिक पढऩे वाला बच्चा कौन है और किस विषय में सबसे अधिक रुचि है। उन्होंने बच्चों से उनके भविष्य के सपनों के बारे में भी पूछा।

परंपरागत गीत पर बच्चों ने किया नृत्य

बच्चों ने कलेक्टर के समक्ष परंपरागत गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। इस दौरान कलेक्टर ने कहा कि पढ़ाई के साथ अपनी संस्कृति और परंपराओं की पहचान को भी बनाए रखना जरूरी है। अपनी भाषा-बोली, खानपान, नृत्य और परंपराओं को आगे बढ़ाने का प्रयास करें। उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि जीवन में जो भी करना चाहते हैं, उस कार्य को पूरे मन और लगन के साथ करें।

बच्चों को अलग-अलग स्थानों का भ्रमण भी कराया जाए

कलेक्टर कन्याल ने अधिकारियों से कहा कि बच्चों को समय-समय पर अलग-अलग महत्वपूर्ण स्थानों का भ्रमण भी कराया जाए, ताकि वे अपने आसपास की व्यवस्थाओं और स्थानों के बारे में बेहतर तरीके से जान सकें। उन्होंने कहा कि बच्चों को अस्पताल जैसी संस्थाओं के साथ-साथ ऐतिहासिक एवं महत्वपूर्ण स्थलों का भ्रमण कराया जाए, जिससे उनका ज्ञान बढ़े और वे अपने क्षेत्र की व्यवस्थाओं, इतिहास एवं विरासत से परिचित हो सकें।

अंत में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा छात्रावास के बच्चों को ड्रेस एवं खाद्य सामग्री भी वितरित की गई। इस दौरान बच्चों में उत्साह का माहौल रहा। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत अभिषेक दुबे, एसडीएम मंजुषा खत्री सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।



समाचार संक्षेप

प्रधान डाकघर गुना में पासपोर्ट सेवा केंद्र की विशेष सुविधा ग्राहकों के लिए उपलब्ध



गुना। भारतीय डाक विभाग द्वारा नागरिकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए प्रधान डालकर गुना में पासपोर्ट सेवा केंद्र के माध्यम से पासपोर्ट संबंधी सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं इस सुविधा से गुना अशोकनगर शिवपुरी के नागरिकों को पासपोर्ट सेवाओं के लिए सुविधाजनक एवं सुलभ मध्य प्राप्त हो रहा है अधीक्षक डाकघर गुना श्री अप चतुर्वेदी ने बताया कि गुना संसदीय क्षेत्र के नागरिकों को नए पासपोर्ट हेतु आवेदन पासपोर्ट के पुणे जारीकरण आवेदन से संबंधित आवश्यक जानकारियां मार्गदर्शन तथा पासपोर्ट आवेदन की स्थिति से संबंधित सहायता उपलब्ध कराई जाती है इससे नागरिकों को पासपोर्ट संबंधी प्रक्रिया को समझने एवं निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आवेदन करने में सुविधा प्राप्त होती है प्रधान डॉक्टर गुना करनैलगंज क्षेत्र में स्थित है जिससे शहर एवं आसपास के क्षेत्र से आने वाले नागरिकों के लिए केंद्र तक पहुंचना आसान है।

एनएसएस अधिकारी ने बढ़ाया संस्था और समाज का गौरव

राघौगढ़। शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय राघौगढ़ में शासकीय सेवा में रहते हुए कैलाश नारायण सैनी कर्मशाला निर्देशक एवं NSS कार्यक्रम अधिकारी के रूप में कार्यरत हैं आपने अपनी संस्था का गौरव बढ़ाने के साथ-साथ- राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर जिला कलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल एवं दो विधायक मा. श्री पन्नालाल शाक्य , विधायक मा. श्रीमती प्रियंका पैंची द्वारा प्रशस्ति प्रमाण - पत्र प्राप्त कर जो सम्मान प्राप्त किया है इससे न सिर्फ संस्था का गौरव बढ़ा हैं बल्कि समाज को भी गौरवान्वित किया हैं।आपकी ईस सफलता पर संस्था के प्राचार्य के. आर.डेहरिया एवं स्टाफ सहित परिवार की और से बधाई दी है।



गोस्वाती तुलसीदार की जयंती मनाई


आरोन। गोस्वामी तुलसीदास की जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। नवीन मानस भवन सनातन धर्म मण्डल ट्रस्ट आरोन पर 1008 संतदास जी महन्त अयोध्या धाम के मुख्य अतिथि के रूप में दीप प्रज्वलित कर गोस्वामी तुलसीदास का पूजन पंडित ब्रजेश महाराज, धनराम भार्गव, हीरालाल व्यास, ने सामूहिक स्वस्तिवाचन किया गया। गोस्वामी जी के द्वारा हिन्दुओं को धैर्य, साहस, त्याग, करुणा वसुधैव कुटुंबकं, सर्वेभवन्तु सुखिन, का संदेश श्री राम चरित मानस के माध्यम से जन सामान्य तक पहुंचाया।



तुलसीदास की जयंती मंडी प्रांगण में उत्साह से मनाई

राष्ट्र भक्ति के रंगों को बिखेरने वाले कवियों ने श्रोताओं को किया मंत्रमुग्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुंभराज



साहित्यिक और रचनात्मक गतिविधियों को समर्पित संस्था सरोवर के तत्वावधान मे रामचरिमानस के रचियता एवं महाकवि गोस्वामी तुलसीदास की जयंती उत्सव मंडी प्रांगण मे दिव्य और भव्य रूप से मनाया गया, इस उपलक्ष मे प्रश्नमंच, मानस मनीशियों का सम्मान और विभिन्न क्षेत्र मे अनूठी और बेमिशाल उपलब्धि हासिल करने वाली हस्तीयो को पुरुषकृत और सम्मानित किया गया, सेलिब्रेशन इवेंट के डायरेक्टर और सरोवर के सचिव आशीष कासट ने बताया कि यह दिव्य और भव्य आयोजन 39 वर्षो से किया जा रहा है जिसमे स्व. रामवल्लभ कासट की स्मृति मे पौत्र हिमांशु और रोहित कासट के सौजन्य से स्मृति चिन्ह, तथा प्रशस्ती पत्र से सम्मानित किया गया. कुम्भज ऋषि की पावन धरा कुम्भराज मे अध्यात्मिक, सांस्कृतिक एवं राष्ट्रीय भावना से ओत प्रोत साहित्य की अनूठी मिशाल पेश करने वाले वक्ताओ ने सारी समस्याओं का हल रामायण के अंदर बताया लेकिन जरूरत है उस पावन ग्रंथ के अध्ययन की जिसमे आदर्श वाद का अभूतपूर्व उदाहरण मिलता है सामाजिक सरोकार और काव्य रस से सराबोर ख्याति प्राप्त कवि कविता तिवारी, अमन अक्षर, पार्थ नवीन, सोनल जैन, हिमांशु बबंदर के मंच संचालक की भूमिका मे शशिकांत यादव आदि ने देश की वर्तमान और भविष्य की चिंता को लेकर कुशल काव्य पाठ किया, संस्कृति और राष्ट्र भक्ती के रंगो को बिखरने वाली इस टीम ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध ही नहीं किया बल्कि आने वाले भविष्य की वो तस्वीर सामने रखी जिस पर हर किसी को सोचने पर मजबूर होना पड़ा जिसे जनता ने खूब भूरी भूरी प्रसंसा की, उनके अंतर्मन मे एक जूनून और जज्बा पैदा किया जो आने वाले समय का आईना दिखा दिया. कार्यक्रम मे सर्वप्रथम गोस्वामी तुलसीदास की सामूहिक पूजन अर्चना की गईं, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और आम लोगों की उपस्थिति ने आयोजन मे चार चाँद लगाए, सरोवर की टीम के समर्पित सदस्यों की मेहनत और उपस्थिति ने नगर का गौरव बढ़ाया वही जनता आनंद का लुत्फ उठाया, काव्य रचनाओं के माध्यम से तुलसीदास को श्रद्धांजलि दी गईं, हास्य, वीर, श्रंगार और ओज की भाषा शैली मे सभी को झकझोरा. विधायक प्रियंका पेची, जिला पंचायत अध्यक्ष अरविन्द धाकड़, पूर्व विधायक ममता मीना आदि मौजूद रहे।

डिप्टी कलेक्टर ने उचित मूल्य दुकानों का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़



सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत उचित मूल्य दुकानों में अगस्त और सितंबर (2 माह) का राशन वितरित किया जाना पाया गया। नगर की शासकीय उचित मूल की दुकानों पर राशन लेने आए एक हितग्राही से कलेक्टर ने संवाद किया और कहां की कोई समस्या हो तो बताओ इस पर हितग्राहियों ने कहा कि नगर की कहीं दुकान समय पर नहीं खोली जा रही हैं जिससे हितग्राहियों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है वही नगर के वार्ड नं 6 और 7 में तो अभी राशन वितरण ही नहीं हुआ नगर के अन्य दुकानों पर राशन वितरण हो रहा है इस दौरान उन्होंने हितग्राहियों से जिन हितग्राहियों की ई-केवाईसी नहीं हुई है उन्हें राशन वितरण नहीं हो पा रहा है इसके लिए उन्हें ई-केवाईसी करने की सलाह दी गई।शासन के आदेश अनुसार जिले की सभी शासकीय उचित मूल्य की दुकानों पर अगस्त और सितंबर माह का राशन एक साथ वितरित किया जा रहा है यह 31 अगस्त तक जारी रहेगा उपभोक्ताओं की जानकारी के लिए हर दुकान के बाहर वितरण से संबंधित सूचना बोर्ड भी लगाया गया है प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि 2 महीने का राशन प्राप्त करते समय उपभोक्ताओं को दो बार बायोमेट्रिक अंगूठी का सत्यापन करना अनिवार्य होगा अधिकारियों द्वारा स्थानीय निकायों के साथ सामान्य बनाकर खदान परची से जुड़ी शिकायतों का भी मौके पर ही निराकरण किया जा रहा है।

बीनागंज में गरुड़ झेप मशाल यात्रा का श्रद्धालुओं ने किया भव्य स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ चांचौड़ा।

छत्रपति शिवाजी महाराज के शौर्य, साहस और स्वाभिमान को समर्पित 'गरुड़ झेप मशाल यात्रा' के बीनागंज पहुंचने पर नगरवासियों और व्यापारियों ने भव्य स्वागत किया। यह के श्री रामानंद आश्रम से प्रारंभ होकर राजीव गांधी चौराहे तक पहुंची यह यात्रा आगरा से पुणे तक 11 दिनों की पैदल यात्रा पर निकली इस मशाल यात्रा के नगर में प्रवेश करते ही लोगों ने पुष्पवर्षा कर यात्रियों का उत्साहवर्धन किया और उनका आत्मीय अभिनंदन किया। यात्रा के दौरान युवाओं द्वारा प्रस्तुत किए गए अखाड़ा करतबों ने लोगों का विशेष आकर्षण बढ़ाया। शानदार और रोमांचक करतब देखकर उपस्थित नागरिकों ने तालियों से युवाओं का उत्साह बढ़ाया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक प्रियंका पेची ने मशाल यात्रा में शामिल सभी सदस्यों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होंने छत्रपति शिवाजी महाराज के शौर्य, पराक्रम और राष्ट्रभक्ति को प्रेरणादायी बताते हुए यात्रा के सफल आयोजन की शुभकामनाएं दीं। ।कार्यक्रम में नगर परिषद चाचौड़ा की अध्यक्ष सुनीता नाटानी, उपाध्यक्ष रश्मि शर्मा, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष भोला सोनी थाना प्रभारी दिलीप राजोरिया, चौकी प्रभारी नीरज लोधी सहित क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, व्यापारी, युवा आदि मौजूद रहे।

प्रवचन माला: स्कूल तो गधे बदलते हैं, बुद्धिमान कक्षा बदलते हैं: मुनिश्री



हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़।

विद्या समय रत्न महान तपस्वी, ओजस्वी वक्ता ,बुंदेली महाकवि मुनि श्रमण सागर जी महाराज ने मंगल प्रवचन करते हुए कहा आपको स्वयं को बदलना आवश्यक है। आप आप स्वयं को न बदलकर दूसरे को बदलने का प्रयास करते हैं। दूसरे को बदलने का प्रयास चिकने घड़े पर पानी डालने के समान है। मुनिराज ने कहा दुनिया में दो तरह के लोग होते हैं एक वे जो दूसरे के अवगुणों को देखते हैं। दूसरे वह होते हैं जो दूसरे के गुणों को देखते हैं। एक व्यक्ति में अनेक बुराइयां होने के बावजूद उसमें एक सदगुण आवश्यक होता है। हमें उसके गुण को ही देखना चाहिए। प्रवचन में महाभारत कालीन उदाहरण देते हुए मुनिराज ने कहा गुरु द्रोणाचार्य ने अपने शिष्य दुर्योधन एवं युधिष्ठिर को कहा कि आप एक थाली में भोजन लेकर जाओ और नगर में जो भी गुणीजन मिले उसको यह भोजन कराकर आओ। पहले थाली लेकर दुर्योधन गए पूरे नगर में घूम कर आ गए और गुरु जी से कहा कि मुझे नगर में कोई भी गुणीजन नहीं मिला। इसके बाद गुरु आज्ञा से युधिष्ठिर उस थाली को लेकर आश्रम से बाहर निकले। आश्रम के द्वार पर कुत्ता बैठा था उन्होंने आदर से भूखे कुत्ते को भोजन खिलाया और वापस गुरु जी के पास आए। गुरुजी बोले इतनी जल्दी भोजन करा कर आ गए, किसको भोजन कराया तो युधिष्ठिर ने कहा गुरुजी आश्रम के बाहर एक कुत्ता भूखा बैठा था मैंने उसे भोजन कराया। कुत्ते को भोजन इसलिए कराया कि कुत्ता का सबसे अच्छा गुण यह है कि वह अपने स्वामी का वफादार होता है।

नपाध्यक्ष और सीएमओ ने संयुक्त निरीक्षण कर जांची वार्डों की व्यवस्था



राघोगढ़। शुक्रवार कोमुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान अंतर्गत नगर पालिका राघौगढ़ विजयपुर में वार्ड क्रमांक 01 एवं 05 में अध्यक्ष विजय कुमार साहू, मुख्य नगर पालिका अधिकारी तेज सिंह यादव , उपयंत्री शिव कुमार रघुवंशी,पार्षद चंद्रशेखर बुनकर ,पार्षद प्रतिनिधि लाल कुशवाहा द्वारा भ्रमण दुश्मन के दौरान लोगों ने अपनी समस्याएं बताईं अधिकारियों ने कहा की आपकी हर समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

96.16 प्रतिशत स्कोर के साथ प्रदेश में द्वितीय स्थान, प्रथम स्थान से मात्र 0.8 प्रतिशत कम

सीएम हेल्पलाइन ग्रेडिंग में अशोकनगर पुलिस का रहा उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक, समयबद्ध एवं समुचित निराकरण सुनिश्चित किया जाए, जिससे शिकायतकर्ता को त्वरित एवं प्रभावी न्याय मिल सके।

उक्त निर्देशों के पालन में पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश, एसडीओपी अशोकनगर विवेक शर्मा,एसडीओपी मुंगावली सनम बी खान एवं एसडीओपी चंदेरी महेश शर्मा के मार्गदर्शन में जिला पुलिस के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा शिकायतकर्ताओं की प्राथमिकता से सुनवाई की गई। प्रत्येक शिकायत का गंभीरतापूर्वक परीक्षण कर त्वरित कार्यवाही करते हुए उनका संतुष्टिपूर्वक निराकरण किया गया।

इस सतत एवं प्रभावी प्रयास का परिणाम यह रहा कि माह जुलाई 2026 की सीएम हेल्पलाइन ग्रेडिंग में जिला अशोकनगर ने 96.16 प्रतिशत स्कोर प्राप्त करते हुए पूरे प्रदेश में द्वितीय स्थान हासिल किया है, जबकि जिला अशोकनगर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले जिला निवाड़ी से मात्र 0.8 प्रतिशत कम स्कोर रहा। सीएम हेल्पलाइन निराकरण में उत्कृष्ट प्रदर्शन जिला पुलिस की कार्यकुशलता, जवाबदेही एवं जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा इस उपलब्धि के लिए समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सराहना करते हुए निर्देशित किया है कि भविष्य में भी इसी समर्पण, संवेदनशीलता एवं उत्तरदायित्व के साथ कार्य करते हुए शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में जिला पुलिस अशोकनगर द्वारा सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के संतुष्टिपूर्वक, समयबद्ध एवं समुचित निराकरण का यह क्रम आगे भी निरंतर जारी रहेगा।



दशलक्षण में होने वाली परीक्षाओं के समय में परिवर्तन की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

माह सितम्बर में दशलक्षण महापर्व प्रारंभ होने जा रहे हैं और इसी बीच तारा सदन स्कूल द्वारा बच्चों की परीक्षायें भी आयोजित कर दी गई हैं। जब यह बात अभिभावकों को ज्ञात हुई तो अभिभावकों द्वारा श्री दिगम्बर जैन पंचायत के पत्र के साथ प्राचार्य तारा सदन स्कूल से भेंट कर निवेदन किया गया है कि दशलक्षण महापर्व में होने वाली परीक्षाओं का समय परिवर्तन किया जावे।

इस संबंध में प्राचार्य द्वारा कोई उचित जबाव नहीं दिया गया सिर्फ यह कह कर बात को टाला गया कि यह सब कार्यक्रम हमारे उच्च स्तरीय समिति द्वारा निर्धारित किया गया है। आप सभी समाज जन से निवेदन है कि, जो भी बच्चें तारा सदन या अन्य स्कूलों में अध्ययनरत हैं उन सभी बच्चों के अभिभावक व परिवारजनों ने कलेक्टर से मुलाकात का निर्णय लिया है। ताकि दशलक्षण महापर्व में होने वाली परीक्षाओं का समय बदलवाया जा सके।

वरिष्ठ नागरिक दिवस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया जागरूकता शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

अंतर्राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सतीश चंद्र शर्मा मार्गदर्शन में,सचिव मनीष अनुरागी के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अशोकनगर द्वारा विधिक जागरूकता शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों को सम्मान देना, उनकी समस्याओं को सुनना,उन्हें घर बैठे त्वरित विधिक सहायता उपलब्ध कराना था।

प्राधिकरण के पदाधिकारियों, पैनल अधिवक्ताओं और पैरा लीगल वालंटियर्स ने उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों से व्यक्तिगत रूप से भेंटकर उनका हाल-चाल पूछा। उनके स्वास्थ्य, रहन-सहन और परिवार की स्थिति के बारे में जानकारी ली गई। परिवार एवं संपत्ति संबंधी समस्याओं का निराकरण कई वरिष्ठजनों ने बच्चों द्वारा भरण- पोषण न देने, संपत्ति विवाद, वसीयत, और अकेलेपन जैसी समस्याएं बताईं। वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम 2007 के तहत उन्हें उनके अधिकारों की जानकारी दी गई। जरूरतमंद वरिष्ठ नागरिकों को मौके पर ही निःशुल्क विधिक परामर्श दिया गया। जिन प्रकरणों में आवश्यकता थी, उनके लिए निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराने और प्रकरण दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू की गई। साथ ही पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन और अन्य सरकारी योजनाओं के लाभ दिलाने हेतु विभागों को आवेदन भेजे गए।



इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से कहा गया कि समाज में वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान सर्वोपरि है। यदि किसी वरिष्ठ नागरिक के साथ दुव्यवहार या उपेक्षा होती है तो वे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अशोकनगर से संपर्क कर निःशुल्क कानूनी सहायता प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए हेल्पलाइन नंबर 15100 और कार्यालय में सीधे आवेदन किया जा सकता है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जिले के वरिष्ठ नागरिक, उनके परिजन, विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव,पैनल अधिवक्ता और पैरा लीगल वालंटियर उपस्थित रहे। अंत में सभी वरिष्ठजनों को फल वितरित कर सम्मानित भी किया गया।

इफको द्वारा प्रक्षेत्र दिवस आयोजित किया गया



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

इफको द्वारा 'खेत बचाओ अभियान' के अंतर्गत ग्राम सेमरी शाहाबाद में प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें 60 से अधिक किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को मृदा स्वास्थ्य संरक्षण, संतुलित उर्वरक उपयोग तथा नैनो एवं जैव उर्वरकों के वैज्ञानिक प्रयोग के प्रति जागरूक करना रहा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केवीके अशोकनगर प्रमुख डॉ. बी.एस. गुप्ता एवं विशिष्ट अतिथि इफको राज्य कार्यालय भोपाल के उप प्रबंधक विकास चैरसिया रहे। केवीके के वैज्ञानिकगण, पूर्व जैविक प्रमुख खुमान सिंह, इफको क्षेत्रीय अधिकारी मोहित जैन, कृषि स्नातक प्रशिक्षु सूरज पाटीदार एवं प्रगतिशील किसान अमित रघुवंशी उपस्थित रहे। डॉ. बी.एस. गुप्ता ने संतुलित उर्वरक उपयोग एवं नैनो उर्वरकों के लाभ बताए। विकास चैरसिया ने नैनो उर्वरकों की आवश्यकता, लाभ एवं उपयोग विधि की जानकारी दी।

पंजाबी महिला विकास समिति की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण संपन्न



अशोकनगर। पंजाबी महिला विकास समिति की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ, जिसमें 2 साल के नए सत्र में अध्यक्ष मीता सदाना, सचिव रोशनी गहरा एवं कोषाध्यक्ष सोनिया छाबड़ा ने शपथ ग्रहण की। इस मौके पर नई कार्यकारिणी ने शपथ ली कि वह एकजुट होकर सभी क्षेत्रों में सामाजिक सेवाओं के कार्यों को अंजाम देकर समिति को ऊंचाइयों तक पहुंचाने का प्रयास करेगीं। साथ में रेनबो थीम पर गेम्स खिलाये गए। इस अवसर पर समिति की अध्यक्ष मीता सदाना सचिव रोशनी गेरा कोषाध्यक्ष सोनिया छाबड़ा पूर्व अध्यक्ष गायत्री अरोड़ा पूर्व कोषाध्यक्ष सुषमा छावड़ा डिंपल सदाना रिचा सदाना रानी जुनेजा प्रिया खुराना पवन खुराना रिंकी सलूजा सुषमा छावड़ा अनु छाबड़ा स्वेता खुराना आदि उपस्थित रही।

विहिप ने की कलेक्टर साकेत मालवीय से मुलाकात, की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के जिला पदाधिकारियों ने जिला कलेक्टर साकेत मालवीय से एक शिष्टाचार भेंट की। इस बैठक के दौरान पदाधिकारियों ने कलेक्टर का ध्यान क्षेत्र के विभिन्न सामाजिक और धार्मिक मुद्दों की ओर आकर्षित कराया। इस महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कई वरिष्ठ और सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में मुख्य रूप से विहिप के विभाग सहमंत्री रामवीर सिंह यादव और बजरंग दल के विभाग संयोजक वेदराम लोधी, विश्व हिंदू परिषद के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष अंकित बड़कुल (पायल घर), जिला मंत्री कंछेदी दांगी तथा नवनियुक्त जिला सहमंत्री अरुण जैन भी मौजूद रहे। युवाओं में राष्ट्रवाद और सेवा की भावना को मजबूत करने के संकल्प के साथ बजरंग दल के जिला कछदा दागा तथा नवनियुक्त जिला सहमंत्री अरुण जैन भी मौजूद रहे। युवाओं में राष्ट्रवाद और सेवा की भावना को मजबूत करने के संकल्प के साथ बजरंग दल के जिला संयोजक डॉ. दशरथ सिंह यादव ने भी इस चर्चा में सक्रिय रूप से भाग लिया। बैठक के दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने कलेक्टर साकेत मालवीय के साथ जिले की वर्तमान सामाजिक स्थिति, धार्मिक आयोजनों की व्यवस्थाओं और नागरिक सुरक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों पर सकारात्मक संवाद किया। पदाधिकारियों ने प्रशासन के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर समाज हित के कार्यों में सहयोग करने की बात दोहराई। कलेक्टर ने भी सभी पदाधिकारियों की बातों को ध्यानपूर्वक सुना और जिले में शांति, सौहार्द और विकास कार्यों में सकारात्मक सहयोग की अपेक्षा की।

सर्प दंश से 40 वर्षीय युवक की मौत

अशोकनगर। स्थानीय जिला मुख्यालय से 7 किलोमीटर दूर ग्राम फुटेरा में भरोसा पुत्र घसीटाराम अहिरवार उम्र 40 साल को रात्रि 9 बजे एक सर्प ने उस समय डस लिया था, जब वह अपने घर में सो रहा था। जिसके बाद परिवार जन उसे अस्पताल ले जाने की जगह झाड़फूंक कराते रहे, जब कोई लाभ नहीं मिला तब 2 घण्टे बाद जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिवार जनों को सौंप दिया है।

ठगी के शिकार आवेदक के 5,000 रुपए वापस कराए

अशोकनगर। पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में जिले में साइबर अपराधों के प्रति आमजन को जागरूक करने के साथ-साथ ऑनलाइन ठगी की शिकायतों पर कार्यवाही की जा रही है। थाना बहादुरपुर द्वारा ऑनलाइन धोखाधड़ी के शिकार हुए आवेदक के 5,000 रूपये की राशि वापस कराई गई। उल्लेखनीय है कि 16.08.2025 को आवेदक सुरेन्द्र गुर्जर निवासी ग्राम अमोदा द्वारा अपने दोस्त के भाई की तबीयत खराब होने पर ऑनलाइन डॉक्टर से मिलने हेतु अपॉइंटमेंट बुक करते समय अज्ञात व्यक्ति द्वारा ऑनलाइन माध्यम से धोखाधड़ी कर 5,000 की राशि ऐंठ ली गई थी। घटना के संबंध में आवेदक द्वारा तत्काल 1930 साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई गई। शिकायत प्राप्त होने पर थाना बहादुरपुर पुलिस द्वारा तत्परता से कार्यवाही करते हुए संबंधित ऑनलाइन ट्रांजेक्शन की जानकारी प्राप्त की गई तथा राशि को होल्ड कराने एवं वापस प्राप्त करने के लिए आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण की गई। थाना प्रभारी बहादुरपुर उप निरीक्षक नीलम सिंह यादव एवं उनके सहयोगी प्रधान आरक्षक गोपाल बारेला तथा आरक्षक राजाराम पाल के विशेष प्रयासों से डायल पोर्टल के माध्यम से आवेदक की ठगी गई 5,000 रूपये की संपूर्ण राशि वापस कराई गई।

खबर संक्षेप

प्रभारी मंत्री शुक्ला का जिले में आज भ्रमण

अशोकनगर। मध्यप्रदेश शासन के नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला 22 अगस्त को अशोकनगर जिले के भ्रमण पर रहेगें। जारी कार्यक्रम अनुसार प्रभारी मंत्री शुक्ला 22 अगस्त को प्रातः 09 बजे शिवपुरी से प्रस्थान कर प्रातः11 बजे अशोकनगर आयेगें। दोपहर 12 बजे अग्रवाल पैलेस अशोकनगर में गहना ज्वैलर्स का शुभारंभ कार्यक्रम में सम्मिलित होगें। दोपहर 02 बजे जिला विकास समिति की बैठक में भाग लेगें। तत्पश्चात अशोकनगर से भोपाल के लिए प्रस्थान करेगें।

शासकीय कार्य में बांधा पहुंचाई और मारपीट की

अशोकनगर। जिले के सेहराई थाने के अंतर्गत महेश्वर धुर्वे निवासी छिन्दबाड़ा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ग्राम देवरछी के आम रास्ते पर चन्द्रपाल यादव, देवेन्द्र यादव ने शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाई, गाली गलौच की,वाहन का शीशा फोड़ दिया और उससे मारपीट की।

युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी की

अशोकनगर। पिपरई थाने के अंतर्गत ग्राम खोरबरी निवासी रमसू पुत्र तुलाराम लोधी उम्र 40 साल ने अपने ही घर में अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है,मामले की जांच की जारी है।

धोखाधड़ी पूर्वक 30 हजार रुपए निकाले

अशोकनगर। जिले के देहात थाने के अंतर्गत कबीरा रोड़ निवासी सोनू कोरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि किसी अज्ञात आरोपी ने फरियादी के खाते से 30 हजार रूपए ऑनलाईन धोखाधड़ी करके निकाल लिए। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

सरंक्षक मंडल की बैठक कल आयोजित होगी

अशोकनगर। अखिल भारतीय अखंड रघुवंशी क्षत्रिय परिषद अशोकनगर की जिला कार्यकारणी एवं संरक्षक मंडल की प्रथम बैठक का आयोजन 23 अगस्त रविवार को दोपहर 10.30 बजे रघुवंशी धर्मशाला अशोकनगर में रखा गया है। बैठक में उपस्थित कार्यकारणी में शामिल पदाधिकारियों एवं सदस्यों को सामाजिक निष्ठा की शपथ दिलाई जाएगी। सामाजिक संगठन की गतिविधियों पर चर्चा की जाएगी तथा आगामी कार्य योजना उपस्थित सदस्यों की सहमति से तैयार की जाएगी।

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत जेल के सामने निवासी जितेन्द्र रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सोनू, रघुवंशी, राजकुमार रघुवंशी, और जीवन यादव ने पुरानी रंजिस पर से उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत नयापुरा निवासी अंकुर दुवे ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी विशाल,आकाश, आनंद चंदेल ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के नईसराय थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गिन्दौरा थाना इन्दार जिला शिवपुरी निवासी चंदू जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी पचबावडी निवासी सौरभ, छितरिया और गुडडी बाई जाटव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कदवाया थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मामोन निवासी संजीत गुर्जर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी पंचम, पप्पू और रंजीत गुर्जर ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मूडरा निवासी लालचंद लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रघुराज लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सेहराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम देवरछी निवासी तोफान सिंह यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी चन्द्रपाल, देवेन्द्र और कलेक्टर यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

शिविर का उद्देश्य आमजन को पात्रतानुसार सेवाएं उपलब्ध कराना: कलेक्टर

मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर में अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे ग्रामीणजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर का मुख्य उद्देश्य आमजन को पात्रतानुसार शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं को उपलब्ध कराना है। जिससे जनता के मन में शासन के प्रति विश्वास परिपक्व होता है। इस आशय के विचार कलेक्टर साकेत मालवीय ने शुक्रवार को जनपद पंचायत अशोकनगर के ग्राम पंचायत कजराई में आयोजित मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत आयोजित शिविर में व्यक्त किये।

शिविर में कलेक्टर ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार प्रति सप्ताह जिले के विकासखण्ड में मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिले के विकासखण्ड मुंगावली एवं चंदेरीमें शिविरों का आयोजन किया जा चुका है। विकासखण्ड अशोकनगर में यह शिविर आज शुक्रवार को ग्राम कजराई में आयोजित किया गया। शिविरों के माध्यम से आमजन को हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ प्राप्त हो रहा है। आवेदनों का समय सीमा में निपटारा किया जा रहा है। आमजन के लिए मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर उपयोगी साबित हो रे हैं। अभी तक तीनों शिविरों के माध्यम से 2136 शिकायतों का शत प्रतिशत निराकरण विभागीय अधिकारियों के माध्यम से कराया गया है। इन अवधि में विभागों में लंबित सीएम हेल्पलाइन,लोक सेवा गारंटी के समय सीमा के प्रकरण तथा विभागों में विभिन्न प्लेटफार्म पर लंबित आवेदनों का निराकरण किया गया। उन्होंने कहा कि उद्यम संवाद के माध्यम से युवाओं को उद्यम एवं स्वरोजगार स्थापित करने हेतु प्रेरित कर आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है।

इस अवसर पर पूर्व विधायक अशोकनगर जजपाल सिंह ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व में जिलों में मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान शिविरों का आयोजन प्रत्येक शुक्रवार को कराया जा रहा है। इन शिविरों के माध्यम से हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ एवं शिकायतों का मौके पर ही निराकरण कराया जा रहा है।

हितग्राहियों को शासकीय सेवाओं और हितलाभ का किया वितरण



कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा राजस्व विभाग के माध्यम से लालजीराम अहिरवार,यशपाल यादव एवं हरिराम सेन को फौती नामांतरण, धर्मेन्द्र यादव को नामांतरण के प्रमाण पत्र वितरित किये गये।इसी प्रकार जनपद पंचायत द्वारा कलाबाई,किशन जाटव एवं बाबूलाल को वृद्धावस्था पेंशन,पार्वती बाई को कल्याणी पेंशन के स्वीकृति पत्र प्रदान किये गये। स्वास्थ्य विभाग द्वारा अनुराधा, अनुज, व्यारसी बाई एवं नीलम बाई को आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया। साथ ही आर्यस, प्रियांश सेन को जन्म प्रमाण पत्र,चांदनी,प्रीति अहिरवार, कृष्णा, राधिका, राजपाल एवं उमा को जजनी सुरक्षा के अंतर्गत 1400 रूपये के स्वीकृति पत्र प्रदान किये गये। कार्यक्रम में शालिगराम को कान की मशीन,वृंदावन राजपूत को सीएम हेल्पलाइन की शिकायत के निराकरण संबंधी पत्र प्रदान किया गया है। विद्युत विभाग द्वारा शालिग सेन,बृजेश अहिरवार को पम्प कनेक्शन के लिए 05 रूपये में विद्युत कनेक्शन की स्वीकृति प्रदान की गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, जिला पंचायत सदस्य शीतल कलावत, शीला जाटव, एसडीएम अशोकनगर इसरार खान,मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत शैलेन्द्र यादव, सतेन्द्र कलावत, सरपंच कल्पना कलावत सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

परिवार जन कोतवाली थाना पहुंचे

बिलाला मिल रोड पर पति-पत्नी के विवाद के बाद घर में तोड़-फोड़



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



स्थानीय बिलाला मिल रोड पर मारपीट और विवाद की घटना के बाद घर में तोड़ फोड़ की गई, जिसके बाद परिवार जन घटना की रिपोर्ट कराने के लिए सिटी कोतवाली पहुंचे। इस दौरान 50 हजार रूपए भी घर से ले जाने का आरोप भी लगाया गया है।

पूरे मामले की कहानी यह है कि इस विवाद की शुरूआत पति पत्नि के बीच से हुई, इस दौरान महिला पर मारपीट करने और घर में तोड़ फोड़ करने का आरोप लगाया गया है जिसके बाद कोतवाली पुलिस को सूचना दी गई। घटना में पति ने बताया कि उसकी पत्नि कुछ समय पहले घर छोड़कर चली गई थी और किसी अन्य युवक के साथ रहने लगी थी,शुक्रवार को वह अचानक घर आ गई और विवाद करने लगी। जहां महिला ने घर में सामान फेंक दिया व पति और उसकी मां के साथ मारपीट की। घर के बाहर बाईक खड़ी थी उसे भी नुकसान पहुंचाया और जो 50 हजार रूपए रखे हुए थे उन्हें अलमारी से निकाल कर ले गई। जब घटना की सूचना डायल 112 पर दी गई तब पुलिस मौके पर पहुंची, जिसके बाद महिला वहां से चली गई पुत्र और उसकी मां शिकायत करने कोतवाली थाना पहुंचे। महिला की मां भी कटनी जिले की रहने वाली है उसका कहना है कि उसकी बेटी की शादी 2012 में हुई थी, मां का आरोप है कि उसकी बेटी के 2 से 3 युवकों से संबंध है इसी वजह से वह अपने पति को परेशान कर रही है। उसने भी अपनी बेटी को कई बार समझाया लेकिन वह नहीं मानी, फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पिपरई में थाना अजाक द्वारा जनचेतना शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में, प्रभारी डीएसपी अजाक ओमप्रकाश मिश्रा के मार्गदर्शन में 21 अगस्त को थाना पिपरई क्षेत्र के कस्बा पिपरई में थाना प्रभारी अजाक निरीक्षक बृजमोहन रावत द्वारा जनचेतना, जन जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के लगभग 45-50 नागरिकों ने सहभागिता की। पुलिस अधिकारियों द्वारा उपस्थित नागरिकों को अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के प्रावधानों, उनके अधिकारों एवं कानून में उपलब्ध संरक्षण के संबंध में आवश्यक विधिक जानकारी दी गई। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के विरुद्ध होने वाले अपराधों एवं अत्याचारों के संबंध में कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। नागरिकों की शिकायतों एवं समस्याओं को सुना गया तथा उनके निराकरण के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया। शासन द्वारा अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के हित में संचालित सुविधाओं एवं राहत राशि के संबंध में जानकारी दी गई। जाति प्रमाण-पत्र बनवाने में आने वाली समस्याओं एवं उनके निराकरण की प्रक्रिया के संबंध में जागरूक किया गया। किसी भी प्रकार की पुलिस संबंधी समस्या अथवा अपराध की स्थिति में कंट्रोल रूम, संबंधित थाना एवं थाना अजाक अशोकनगर से संपर्क करने की जानकारी दी गई तथा संबंधित दूरभाष नंबर उपलब्ध कराए गए। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 से संबंधित पैम्फलेट वितरित कर आमजन को उनके अधिकारों एवं कानूनी संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। पुलिस द्वारा उपस्थित नागरिकों से अपील की गई कि किसी भी प्रकार के अपराध, भेदभाव, उत्पीड़न अथवा अत्याचार की घटना होने पर भयभीत न हों और तत्काल पुलिस को सूचना दें। कानून सभी नागरिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए है तथा पुलिस प्रशासन समाज के सभी वर्गों के साथ संवेदनशीलता एवं निष्पक्षता के साथ कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है। शिविर के दौरान थाना प्रभारी अजाक निरीक्षक बृजमोहन रावत, थाना प्रभारी पिपरई निरी0 नरेन्द्र त्रिपाठी, सउनि दिनेश कुशवाह एवं प्रआर राजेश चैहान उपस्थित रहे। जनचेतना शिविर का उद्देश्य केवल जानकारी देना नहीं, बल्कि नागरिकों को उनके अधिकारों, कानून एवं उपलब्ध शासकीय सहायता के प्रति जागरूक कर एक सुरक्षित, समान एवं सद्भावपूर्ण समाज के निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना रहा।





बालिका छात्रावास में 100 छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया

पिपरई। पिपरई स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालिका छात्रावास में शुक्रवार को छात्राओं के स्वास्थ्य को लेकर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिपरई की चिकित्सा टीम द्वारा छात्रावास में उपस्थित करीब 100 छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

छात्रावास अधीक्षिका जसवंती सहरिया ने बताया कि बरसात के मौसम में लगातार मौसम परिवर्तन होने के कारण छात्राओं के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े और सभी छात्राएं स्वस्थ रहें, इसी उद्देश्य से स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिपरई के डॉ.आशीष पहेलिया एवं डॉ. नीलम यादव सहित स्वास्थ्य विभाग के समस्त स्टाफ ने छात्राओं की जांच की तथा स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श दिया। इसके बाद छात्रावास अधीक्षिका जसवंती सहरिया, सहायक वार्डन नीता श्रीवास्तव सहित छात्रावास के समस्त स्टाफ का भी स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। छात्रावास प्रबंधन ने स्वास्थ्य विभाग की टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि छात्राओं के स्वास्थ्य और सुरक्षा को लेकर समय-समय पर इस प्रकार के स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किए जाना आवश्यक है।

संत रविदास ने समता मूलक समाज की स्थापना का संदेश दिया: खरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर





संत शिरोमणि श्री रविदास जी महाराज की 650वीं की जयंती के अवसर पर श्री गुरु रविदास महाराज समरसता संकल्प अभियान के अन्तर्गत शुक्रवार को भाजपा द्वारा स्थानीय रघुवंशी धर्मशाला में कलश वंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त आशय की जानकारी देते हुए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी ने बताया कि इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संभागीय संगठन प्रभारी डॉक्टर निशांत खरे द्वारा जो संत रविदास जी की जन्म स्थली से मिट्टी लाई गई थी, उसे जिले के सभी 17 मंडलों में कलश में स्थापित कर मंडल अध्यक्षों को सौंपा गया। इसके साथ ही जिले भर के सभी मंडलों से अलग-अलग कलशों की रथ यात्रा निकाली जाएंगी। रथ यात्रा के जिला संयोजक सत्येंद्र कलावत सहसंयोजक रामवीर धनोरिया डॉक्टर शीला जाटव जगन्नाथ सिंह पिप्पल, राजेश पंथी द्वारा इस अभियान को नेतृत्व दिया जाएगा, उनकी देखरेख में यह कार्यक्रम 20 से 31 अगस्त तक चलेगा। जिसमें 10 दिनों तक जिले की तीनों विधानसभाओं के 75 ग्रामों में रथ यात्रा निकाली जाएगी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ निशांत खरे ने कहा कि संत रविदास ने समता मूलक समाज की स्थापना का संदेश दिया,जिसमें उन्होंने समरसता, मानव सभ्यता की बात कही। उन्होंने कर्म करते हुए सदैव अपने मन को भक्ति भाव में लगाए रखा। हमें उनके बताएं मार्ग का अनुसरण और उनके विचारों को जीवन में धारण करना चाहिए,उन्होंने भारत को एक करने का काम किया इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हमारे साधु-संतों ने सामाजिक समरसता की इस पताका को अपने हाथों में थामा और समरसता के विचार को आगे बढ़ाया। इस दौरान पूर्व सांसद एवं खाद्य आपूर्ति निगम अध्यक्ष डॉक्टर केपी यादव, मुंगावली विधायक बृजेंद्र सिंह यादव, पूर्व विधायक लड्डूराम कोरी जजपाल सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष उमेश रघुवंशी धर्मेंद्र रघुवंशी एवं सभी मंडल अध्यक्ष प्रभारी, रथ यात्रा की टोली के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

सरकारी आवास बने निजी संस्थाओं का सुरक्षित आशियाना

एक तरफ कलेक्टर का खाली कराने का फरमान, दूसरी तरफ राजस्व विभाग बांट रहा अलॉटमेंट लेटर, सिविल अस्पताल निर्माण पर असमंजस

अशोकनगर। जिले में लंबे समय से सरकारी आवासों के दुरुपयोग का एक बड़ा मामला सामने आ रहा है। नियम-कायदों को ताक पर रखकर शासकीय क्वार्टरों को निजी संस्थाओं और रसूखदारों के लिए रहने का अड्डा बना दिया गया है। राजनीतिक पहुंच और बढ़ते वर्चस्व के बल पर निजी संस्थानों के लोग इन सरकारी मकानों पर कब्जा जमाए बैठे हैं, जबकि जरूरतमंद शासकीय कर्मचारियों को दर-दर भटकना पड़ रहा है। ऐसा ही सब कुछ चंदेरी में सिविल अस्पताल को लेकर असंमंझस की स्थिति बनी है।

हाल ही में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की पहल पर वर्तमान सिविल अस्पताल के पास खाली पड़ी राजस्व, पंचायत और कृषि विभाग की भूमि पर नए अस्पताल के निर्माण की योजना बनाई गई है। इसके लिए अशोकनगर कलेक्टर द्वारा परिसर में स्थित शासकीय क्वार्टरों को तत्काल खाली करने के कड़े निर्देश जारी किए गए थे। लेकिन हैरानी की बात यह है कि एक तरफ जहां जिला प्रशासन अस्पताल निर्माण के लिए जगह खाली कराने का आदेश दे रहा है, वहीं दूसरी तरफ राजस्व विभाग उन्हीं क्वार्टरों में निजी संस्थाओं के लोगों को रहने की अनुमतियां (अलॉटमेंट) बांट रहा है। प्रशासन के इस दोहरे रवैये से प्रस्तावित सिविल अस्पताल के काम में अड़चन आने की आशंका बन गई है। नगर में बने शासकीय निवासों की स्थिति इतनी खराब है कि अधिकांश मकानों में अनधिकृत लोग काबिज हैं। सबसे ज्यादा चैंकाने वाली बात यह है कि सरकारी क्वार्टर आवंटित किसी अधिकारी या कर्मचारी के नाम पर है, लेकिन उसमें उनके रिश्तेदार, संबंधी या निजी लोग मजे से रह रहे हैं।



स्वरोजगार योजनाओं के 640 स्वरोजगारियों को 2.35 लाख का किया गया हितलाभ वितरण

युवा संगम कार्यक्रम में 193 प्रारंभिक चयन व 144 को दिए ऑफर लेटर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर





जिला मुख्यालय पर कलेक्टर साकेत मालवीय के मुख्य आतिथ्य में शुक्रवार को शासकीय नेहरू महाविद्यालय अशोकनगर में युवा संगम कार्यक्रम एवं मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत उद्यम संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में कलेक्टर ने कहा कि शासन की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से विभागों द्वारा हितग्राहियों का चयन कर बैंक के माध्यम से उद्योग स्थापित करने हेतु ऋण प्रदान किये जाते है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जन विश्वास उद्यम संवाद का मुख्य उद्देश्य शासन की योजनाओं के अंतर्गत पात्रता प्राप्त युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करना है। ऋण प्राप्त करकर आवेदन स्वंय एवं अन्य व्यक्तियों के लिए रोजगार मुहैया कराने के लिए सुदृढ़ होता है। जिससे अर्थव्यवस्था में सुधार होता है। इस दौरान कलेक्टर ने उपस्थितजनों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम में सफल उद्यमी राजकुमार सोनी,राव शंकर चैबे और आकाश जैन ने अपने अनुभव साझा किए। युवा संगम कार्यक्रम में 193 का प्रारंभिक चयन व 144 को मौके पर ही ऑफर लेटर दिये गये। युवा संगम कार्यक्रम में 268 युवाओं का पंजीयन कराया एवं इसमें 8 कंपनियों ने 193 का शॉर्टलिस्टिंग करते हुए 144 आकांक्षी युवाओं मौके पर ही ऑफर लेटर प्रदान किये गए। युवा संगम में विभिन्न सेक्टर की निजी क्षेत्र की कंपनियां शामिल हुई जिनके द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से निजी क्षेत्र में रोजगार के लिए ऑफर लेटर उपलब्ध कराये गये।

कार्यक्रम में स्वरोजगार योजनाओं के 640 स्वरोजगारियों को 2.35 लाख का हितलाभ वितरण कार्यक्रम में युवा संगम कार्यक्रम के साथ ही मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत उद्यम संवाद कार्यक्रम भी आयोजित किया गया जिसमें विभिन्न विभागों ने अपने विभागों में संचालित योजनाओं की जानकारी दी और शासन की महत्वपूर्ण विभिन्न विभागों द्वारा संचालित स्वरोजगार योजनाओ के 640 हितग्राहियो को 2.35 लाख का हितलाभ वितरण किये इसके साथ ही उपस्थित युवाओं को लीड बैंक द्वारा वित्तीय सहायता की जानकारी दी गई।

मौके पर ही किया गया हितलाभ वितरण

राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अम्बेडकर स्व सहायता समूह, भोलेनाथ स्व सहायता समूह, लक्ष्मी स्व सहायता समूह, राधा स्व सहायता समूह, राधा रानी और श्री गणेश स्व सहायता समूह रूप से 70.50 लाख को वितरण कराया गया। इस दौरान उद्यानिकी विभाग द्वारा प्रधानमंत्री सूक्ष्म उद्यम उन्नयन योजना के रोशन चैरसिया को 8.85 लाख एवं अरविंद अहिरवार को 2.25 लाख, जिला अंत्यावसायी विभाग से राकेश जाटव, रंजीत अहिरवार, संगीता अहिरवार और धर्मेंद्र अहिरवार को संत रविदास स्वरोजगार योजना एवं डॉ भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजना में 1-1लाख, जनजातीय कार्य विभाग से मछलाबाई आदिवासी का किराना दुकान हेतु टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना में 98 हजार का ऋण स्वीकृति का वितरण हुआ।


जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र विभाग द्वारा मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना में कल्पना शर्मा, रितु यादव, ओमकार पुरी को 50 हजार से 2 लाख रुपए का वितरण कराया गया। कार्यक्रम के दौरान कार्यक्रम के सहायक नोडल अधिकारी व महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र सत्येंद्र लोधा, जनपद पंचायत सीईओ अशोकनगर शैलेंद्र यादव, तहसीलदार आलोक श्रीवास्तव,मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनोद उन्नीतान, आईटीआई प्राचार्य एवं प्रभारी रोजगार अधिकारी नीरज घनघोरिया आधिकारी/कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे।

कांग्रेस पार्षद ने निर्वाचन कार्यालय में की राजगढ़ नपाध्यक्ष की शिकायत

नपाध्यक्ष की कुर्सी पर खतरे के बादल करोड़पति फिर भी बीपीएल कार्डधारी

उप-जिला निर्वाचन अधिकारी ने जांच के लिए बनाई कमेटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़





नगरीय निकाय चुनाव के चार वर्षों बाद राजगढ़ नगर पालिका अध्यक्ष विनोद साहू की कुर्सी पर खतरे के बादल मंडराए हैं। नगर के वार्ड-14 के कांग्रेस पार्षद मोहित तंवर ने कलेक्टर सह जिला निर्वाचन अधिकारी को मय तथ्यों के साथ शिकायत की है कि नपाध्यक्ष साहू के पास चुनाव के समय गरीबी रेखा की सूची से नीचे (बीपीएल) वाला कार्ड था। जबकि, निर्वाचन कार्यालय को उन्होंने अपनी संपत्ति संबंधी जो ब्यौरा शपथ-पत्र के माध्यम से प्रस्तुत किया उसमें उनकी सकल संपत्ति करीब 1 करोड़ रुपए दर्शाई है।

शिकायत के अनुसार चुनाव के समय आयोग को दिए गए शपथ-पत्र में गरीबी रेखा की सूची में नाम होने संबंधी जानकारी साहू ने छिपाई है। ऐसे में मांग की गई है कि बीपीएल कार्ड वाली जानकारी छिपाने के चलते नगर पालिका अध्यक्ष विनोद साहू के पार्षद वाला चुनाव शून्य घोषित कर दिया जाना चाहिए। पार्षद मोहित तंवर ने अपनी शिकायत की सत्यता संबंधी सभी दस्तावेज और साक्ष्य भी निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध करवाए हैं। आपको बतादें कि विनोद साहू का नाम राजगढ़ नपा के वार्ड-2 की बीपीएल सूची में क्रमांक-309 सर्वे क्रमांक-379 एवं राशन कार्ड सीरियल नंबर 309 पर दर्ज है।

आपराधिक मामले की जानकारी भी छिपाई

नपाध्यक्ष साहू पर आरोप यह भी है कि साल 2010 में आपराधिक मामले में जेल में रहने की जानकारी भी शपथ-पत्र में उल्लेखित नहीं की गई थी।

अध्यक्षीय कार्यकाल में आयुष्मान योजना का लिया लाभ

इस संबंध में पार्षद मोहित तंवर एवं पूर्व पार्षद अनिल जैन से शुक्रवार दोपहर स्थानीय मिड-वे ट्रीट पर एक प्रेसवार्ता आयोजित कर पूरी शिकायत और मामले की जानकारी दी गई। पार्षद तंवर ने निर्वाचन आयोग को यह भी उल्लेख किया है कि अध्यक्षीय कार्यकाल के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष ने आयुष्मान योजना का लाभ लेते हुए भोपाल के स्मार्ट सिटी हॉस्पिटल से करीब 1 लाख 40 हजार रुपए में अपनी पथरी का इलाज करवाया। इसका भुगतान आयुष्मान योजना से हुआ है।

शहरी विकास अभिकरण को सौंपी जांच

उक्त शिकायत प्राप्त होने पर निर्वाचन कार्यालय ने उसे गंभीरता से लेते हुए जिला शहरी विकास अभिकरण को शिकायत की बिन्दुवार जांच कर जांच प्रतिवेदन एक सप्ताह में भेजने आदेशित किया है।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने भी की शिकायत

कांग्रेस पार्षद की इस शिकायत को लेकर कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रियवृत सिंह खिंची ने भी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी को पत्र लिखा है। इस पत्र में मांग की गई है कि उक्त शिकायत की निष्पक्ष जांच करवाई जाए। इसके साथ ही यदि कहीं कुछ गड़बड़ है तो नियमानुसार कार्यवाही की जाए।

इनका कहना है...

आरोप झूठे हैं। मैने साल 2012 में ही एसडीएम को लिखित में दिया था कि मेरा नाम बीपीएल से हटाया जाए। मैं इस कार्ड से गेहूं, नमक, चावल कुछ नहीं ले रहा हूं। आयुष्मान कार्ड वाला आरोप भी झूठा है। हो सकता है मैं बेहोश था तो राजनैतिक द्वेषता के चलते किसी ने मेरा अंगूठा लगवा लिया हो। शिकायतकर्ता नासमझ हैं। मैं कहना चाहता हूं कि वे बच्चागिरी वाली राजनीति बंद करें और तथ्यों के साथ बात करें।

विनोद साहू, नपाध्यक्ष
नगर पालिका, राजगढ़

ग्रामीणों में आक्रोश के बीच पुलिस-प्रशासन ने संभाला मोर्चा

पड़ाना में दो देवस्थलों की मूर्तियां खंडित पुलिस की तत्परता से टला बड़ा विवाद



युवक हिरासत में, सीसीटीवी फुटेज से हुई पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

समीपस्थ कस्बा पड़ाना में शुक्रवार को दो देवस्थलों की मूर्तियां खंडित किए जाने और उन्हें उठाकर फेंकने की घटना से सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचने लगे और गांव में तनाव की स्थिति बनने लगी। हालांकि पुलिस और प्रशासन की तत्परता के चलते स्थिति बिगड़ने से पहले ही मोर्चा संभाल लिया गया। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और मौके से मिले साक्ष्यों के आधार पर एक युवक को हिरासत में लिया है। मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। जानकारी के अनुसार सदर बाजार में सड़क किनारे स्थित भैरू महाराज के देवस्थान पर लगी मूर्ति को एक युवक द्वारा कथित रूप से खंडित कर दिया गया। इसके बाद साधनखेड़ी रोड पर उज्जैन वाली माताजी के सामने स्थित काला-गोरा महाराज के देवस्थान से भी मूर्तियां उठाकर फेंकने की घटना सामने आई। कुछ ही समय में यह खबर पूरे कस्बे में फैल गई और ग्रामीण देवस्थलों के आसपास एकत्रित होने लगे।

मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों से बातचीत की

घटना को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश देखा गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों से बातचीत शुरू की। एसडीओपी अरविंद सिंह, तहसीलदार कपिल शर्मा, टीआई राहुल रघुवंशी सहित पुलिस बल ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला। अधिकारियों ने ग्रामीणों से शांति बनाए रखने की अपील की और भरोसा दिलाया कि घटना में शामिल व्यक्ति के खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। दोनों देवस्थलों से जुड़ी घटना को लेकर गांव के ही बल्लू पिता फकीरचंद वंशकार पर आरोप लगाया गया है। पुलिस ने आरोपों की जांच शुरू करते हुए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। फुटेज में सामने आए घटनाक्रम और मौके से मिले साक्ष्यों के आधार पर युवक की पहचान की गई, जिसके बाद पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। पुलिस की सक्रियता के बाद दोनों देवस्थलों की मूर्तियों को व्यवस्थित करवाकर पुनः स्थापित कराया गया। इससे ग्रामीणों में भी स्थिति सामान्य होने लगी। पुलिस बल की मौजूदगी में क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखी गई। एसडीओपी अरविंद सिंह ने बताया कि युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। मामले में प्रकरण दर्ज किया गया है। घटना से जुड़े सभी पहलुओं की जांच की जा रही है और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

सुख-समृद्धि के लिए निरंतर भजन संध्या श्रीराम मंदिर में लगा छप्पन भोग




कुरावर। श्रावण मास के पावन अवसर पर नगर महिला मंडल ग्रुप द्वारा श्रीराम मंदिर में प्रतिदिन भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है। दोपहर 12 बजे से शाम 6 बजे तक महिला मंडल की सदस्य भगवान श्रीराम, श्रीकृष्ण एवं भगवान भोलेनाथ के सुंदर भजनों की प्रस्तुतियां दे रही हैं। भजनों से मंदिर परिसर सहित पूरा नगर भक्तिमय वातावरण में सराबोर है। इसी क्रम में शुक्रवार को श्रीराम मंदिर में भगवान के सम्मुख छप्पन भोग सजाकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई तथा छप्पन भोग का प्रसाद अर्पित किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर भगवान के दर्शन किए और प्रसाद ग्रहण किया। महिला मंडल की सदस्यों ने बताया कि नगर कुरावर एवं आसपास के ग्रामों में अच्छी वर्षा तथा प्रत्येक परिवार में सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना को लेकर श्रावण मास में प्रतिदिन भगवान भोलेनाथ का अभिषेक, पूजा-अर्चना एवं भजन-कीर्तन किया जा रहा है। महिला मंडल द्वारा यह धार्मिक आयोजन पूरे श्रावण मास में निरंतर जारी रहेगा।

श्रावण मास के मुख्य उत्सव में होगा सुंदरकांड पाठ

आज सजेगा किशनगढ़ बालाजी का दरबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर



नगर के प्रसिद्ध ऐतिहासिक स्थल किशनगढ़ बालाजी मंदिर का दरबार शनिवार को सजाया जाएगा। श्रावण मास के प्रमुख उत्सव पर भव्य सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन भी होगा, जो 55 वर्ष में प्रवेश करेगा।

नगर के किशनगढ़ मोहल्ला में प्रसिद्ध ऐतिहासिक धार्मिक स्थल किशनगढ़ बालाजी के नाम से प्रख्यात बालाजी का मंदिर है मंदिर के सम्मुख गरूढ़ासीन भगवान लक्ष्मीनारायण का मंदिर भी है। जिसका अपना ऐतिहासिक महत्व हैं। धार्मिक आस्था का केंद्र बिन्दु किशनगढ़ बालाजी मंदिर जहां पर मुख्य रूप से मंगलवार को रात्रि 8.30 बजे से अनवरत पाठ का आयोजन चल रहा है। तथा श्रावणमास में रामायण-पारायण चलतीं है। वैसे तो पूरे नगर में बारहमास धार्मिक आयोजन एवं अनुष्ठान का सिलसिला जारी रहता है। लेकिन चतुर्मास के दौरान भक्ति भाव धार्मिकता में हर व्यक्ति रंग जाता है वह शिवालयों मठ मंदिरों में श्रद्धालु भक्तों की भीड़ ईश्वर भक्ति में लीन हो जाती हैं। इस कड़ी में नगर के किशनगढ़ बालाजी मंदिर पर पं. श्यामसुंदर शर्मा के सानिध्य में 55 वर्ष से श्रावण मास में रामायण पारायण का पाठ श्री बजरंग नवयुवक समिति हनुमान मंदिर के सदस्यों द्वारा किया जाता आ रहा है। एवं सावन मास में रामायण पारायण में प्रतिदिन रात्रि साढ़े आठ बजे बालाजी कि पुजा अर्चना मंदिर के वरिष्ठ सदस्य जगदीश जमींदार द्वारा करके रामायण पारायण पाठ का एक अध्याय समिति सदस्यों द्वारा किया जाता है। इसी दौरान सदस्यों द्वारा अलग-अलग दिवस प्रसाद की व्यवस्था की जाती है तथा पाठ के साथ अलग अलग दिन विभिन्न देवी देवताओं की चालीसा एवं आरती का क्रम भी उसी दिन के अनुरूप की जाती है साथ ही भगवान के जयकारे के उपरांत आरती होती है। उल्लेखनीय है कि श्रावण मास के रामायण पारायण पाठ के चैबीसवें दिन भव्य सुन्दरकाण्ड का भव्यता लिए पाठ किया जाएगा।

इसको लेकर मंदिर परिसर का विधुत डेकोरेशन एवं आकर्षक साज सज्जा कर मंदिर को सजाया गया है। बालाजी का मनोहारी श्रंगार किया जाता है जो श्रद्धालु भक्तों के लिए मनमोहक होता है। मंदिर की समस्त व्यवस्था समिति के सदस्यों द्वारा विशेष जिम्मेदारी से की जाती है। वहीं पुरे आयोजन में एक एक सदस्य भक्ति भाव से रसमय हो जाते हैं।

ग्रामीणों ने मुआवजा दिलाने की मांग

सोयाबीन की फसल खराब होने पर नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर

समीपस्थ ग्राम छतरपुरा के किसानों ने सोयाबीन की फसल खराब होने को लेकर नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। जिसमें फसल का सर्वे कराकर उचित राहत एवं मुआवजा दिलाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में सोयाबीन की फसल में अपेक्षित बढ़वार नहीं हो पाई है और कई खेतों में फसल खराब होकर बांझ हो गई है। इससे किसानों को आर्थिक नुकसान की आशंका है। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि संबंधित खेतों का शीघ्र निरीक्षण एवं सर्वे कराया जाए तथा नुकसान का आकलन कर नियमानुसार राहत राशि एवं फसल बीमा का लाभ दिलाया जाए। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द कार्रवाई की मांग की है।

नगर पालिका ने आमजनों को निःशुल्क वितरित करवाए पौधे

रक्षाबंधन को लेकर अभिनव पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़



नगर पालिका प्रबंधन राजगढ़ का एक अभिनव प्रयास सामने आया है। आगामी रक्षाबंधन पर्व को लेकर प्रकृति की हरीतिमा बढ़ाने नगर के आमजनों को निःशुल्क पौधों का वितरण करवाया। स्थानीय वाटर वर्क्स में पौधे लेने पहुंचे हर व्यक्ति को बगैर किसी राशि के पौधे प्रदान किए गए। पौधे भलेंही निःशुल्क वितरित किए गए पर एक शर्त भी रखी गई कि पौधे को रोपते समय एक सेल्फी या फोटो नगर पालिका को उपलब्ध करवाई जाए ताकि वेस्टेज की संभावना न रहे। नगर पालिका अध्यक्ष विनोद साहू, सीएमओ पवन अवस्थी, अरुणा वर्मा, प्रवीण सक्सेना, होतम जादौन सहित अमले द्वारा सुबह से शाम तक पौधे वितरित किए गए।

नगरीय प्रशासन के अपर संचालक भी पहुंचे

इसी कड़ी में नगरीय प्रशासन विभाग भोपाल के अपर संचालक अनिल गौड़ ने भी पौधे वितरण स्थल पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने नागरिकों को पौधे वितरित किए एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने आमजनों से अपील की कि पौधों की पेड़ बनने तक देखभाल करें। प्रकृति को सहेजना हम सभी की साहूहिक जिम्मेदारी है।

स्व.राजीव गांधी की जयंती पर निकाला सद्भावना मार्च



विदिशा। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जयंती के पर कांग्रेस सेवादल ने सद्भावना मार्च निकाला। जो माधव उद्यान से प्रारंभ होकर नीमताल स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर समाप्त हुआ। सद्भावना मार्च में कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी सहित पदाधिकारियों ने भाग लिया। जिला कांग्रेस सेवादल मुख्य संगठक रामराज सिंह दांगी हाथ में तिरंगा थामे चल रहे थे। सद्भावना मार्च के पूर्व राजीव माधव उद्यान में कांग्रेस जनों द्वारा श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। यहां कांग्रेस एवं सेवा दल के कार्यकर्ताओं ने स्व. राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने कहा कि राजीव गांधी ने देश को आधुनिक तकनीक, संचार एवं युवा शक्ति से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किया। इस दौरान कांग्रेसी नेता रणधीर सिंह ठाकुर, सुभाष बोहत, आनंद प्रताप सिंह, विनीत दांगी, रमेश तिवारी, रवि साहू, सुशील शर्मा, आशीष माहेश्वरी, सुजीत देवालिया, नितेश राजा यादव, नीतू सिंह राजपूत, अर्पित उपाध्याय, मलखान सिंह मीणा, रूप सिंह किरार, चीनू भारद्वाज, अवधेश दुबे, जितेंद्र तिवारी, राज कुमार पांसी, बंटी सक्सेना, बाबू पाल आदि शामिल हुए।

संतोष और प्रसन्नता के साथ आगे बढ़ना ही शिवत्व की ओर बढ़ने का मार्ग है

सात दिवसीय शिवमहापुराण कथा का महाप्रसादी के साथ हुआ समापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ माचलपुर

नगर की अग्रवाल धर्मशाला में सेठ राधाकिशन गोयल की स्मृति में उनके पुत्र अरुण कुमार गोयल द्वारा आयोजित सात दिवसीय श्री शिवमहापुराण कथा का शुक्रवार को श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में समापन हुआ। कथा के अंतिम दिन कथा मर्मज्ञ पंडित श्याम मानावत ने भगवान शिव के स्वरूप और जीवन में संतोष के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। कथा के दौरान पंडित श्याम मानावत ने कहा कि भगवान शिव ईशान कोण में विराजमान माने जाते हैं। ईशान कोण ज्ञान, आध्यात्मिकता और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है। उन्होंने कहा कि पूर्व ज्ञान की दिशा है और उत्तर समाधान की दिशा मानी जाती है। भगवान शिव का संदेश जीवन में संतोष और समभाव बनाए रखने की प्रेरणा देता है।

उन्होंने कहा कि जो संतुष्ट है, वही शिव के भाव को समझ सकता है। जीवन में जो मिले, जैसा मिले, उसे स्वीकार करते हुए संतोष और प्रसन्नता के साथ आगे बढ़ना ही शिवत्व की ओर बढ़ने का मार्ग है। भगवान शिव का जीवन त्याग, तपस्या, करुणा और समभाव का संदेश देता है। सात दिनों तक चली कथा में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर शिवमहापुराण का श्रवण किया। अंतिम दिन भी अग्रवाल धर्मशाला में श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या मौजूद रही। कथा के दौरान प्रस्तुत किए गए सुमधुर शिव भजनों पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूमते नजर आए। पूरे कथा परिसर में भक्ति और आध्यात्मिक वातावरण बना रहा। इस अवसर पर आयोजक परिवार की ओर से श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसादी का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की और भगवान शिव से परिवार एवं समाज की सुख-समृद्धि की कामना की। सात दिवसीय आयोजन के सफल समापन पर आयोजक अरुण कुमार गोयल सहित परिवारजनों ने कथा में सहयोग करने वाले सभी लोगों और उपस्थित श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।

सीएम हेल्पलाइन, लोकसेवा गारंटी और जनसुनवाई के प्रकरणों की समीक्षा

जन विश्वास अभियान के तहत ग्राम पाडल्या माता में लगा मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर



मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को ग्राम पाडल्यामाता में मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर आयोजित किया गया। राज्यमंत्री कौशल विकास एवं रोजगार डॉ. गौतम टेटवाल की मौजूदगी में आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे और अपनी समस्याएं एवं शिकायतें अधिकारियों के समक्ष रखीं। शिविर में अनुविभाग, ब्लॉक एवं तहसील स्तर के विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

इस दौरान सीएम हेल्पलाइन, लोकसेवा गारंटी एवं जनसुनवाई के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की गई तथा उनके निराकरण की स्थिति जानी गई। राजस्व, पुलिस, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, विद्युत, उद्यानिकी, पशुपालन, लोक निर्माण, स्कूल शिक्षा तथा महिला एवं बाल विकास सहित अन्य विभागों के अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। कई मामलों में मौके पर ही समाधान किया गया, जबकि अन्य प्रकरणों के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

समस्याओं को प्राथमिकता से हल करने के निर्देश

मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान का उद्देश्य शासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित कर आमजन की समस्याओं का प्रभावी एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करना है। उन्होंने अधिकारियों को ग्राम की सभी समस्याओं एवं विकास संबंधी मांगों को प्राथमिकता के आधार पर सूचीबद्ध कर चरणबद्ध तरीके से निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था में कृषि और पशुपालन की महत्वपूर्ण भूमिका है। किसानों एवं पशुपालकों को नवीन तकनीकों के उपयोग के साथ जैविक खाद एवं जैविक खेती अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए, जिससे उत्पादन और आय दोनों में वृद्धि हो सके। वही शिविर के दौरान ग्राम पाडल्या माता के सरपंच सुभाष पाटीदार का विशेष अभिनंदन किया गया। लगभग डेढ़ करोड़ रुपये की राजस्व वसूली में उल्लेखनीय योगदान के लिए उन्हें स्वतंत्रता दिवस समारोह में सम्मानित किया गया था। मंत्री डॉ. टेटवाल ने उनके कार्य की सराहना करते हुए बधाई दी। शिविर में एसडीएम निधि भारद्वाज, सीईओ हेमेंद्र गोविल, तहसीलदार शैलजा मिश्रा, थाना प्रभारी लीमाचैहान गोविंद मीणा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। समापन पर एसडीएम निधि भारद्वाज ने ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।